No. of Printed Pages : 8 **TS–005**

# BACHELOR OF TOURISM STUDIES

# (DTS, BTS, CES)

## Term-End Examination

## June, 2026

## TS-005 : ECOLOGY, ENVIRONMENT AND TOURISM

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note :*** *(i) Attempt any **five** questions in about **600** words each.*

*(ii) All questions carry equal marks.*

---

1. Differentiate between Environment and Ecology. Explain the important components of abiotic environment. 20

2. What is biodiversity and what is its importance ? Explain the major factors posing threat to biodiversity in modern times. 20

3. Discuss the environmental degradation caused by tourism related activities and suggest possible solutions to minimize the impact. 20

4. With the help of relevant examples, explain the significance of the concepts of 'Preservation' and 'Conservation' in tourism development. 20

5. Explain the necessity of the formulation of a master plan in the context of tourism. Outline various provisions that are commonly included in a tourism master plan for minimizing pressure on tourism resources. 20

6. Write notes on any *two* of the following in about **300** words each : 2×10=20

   (a) Community in Pre-Colonial Times and under the Colonial Rulers

   (b) Multiplier Effect and its categories

   (c) Chipko and Apikko Movements

7. What do you understand by tourism infrastructure ? Discuss citing relevant examples the concerns of the local communities and their responses to various tourism developmental projects. 20

8. Describe the opportunities available to locals as a result of tourism development and the level of participation of the local population in tourism development. 20

9. Discuss the impact of tourism and related activities on wildlife. How can wildlife tourists be made more responsible ? 20

10. Write short notes on the following in about **150** words each : 4×5=20

    (a) Green House Effect

    (b) Beaches along the western coast of India

    (c) Pollution caused by tourists

    (d) List the Bio-Geographic Zones of India

# TS–005

## कला स्नातक (पर्यटन अध्ययन)

## (डी.टी.एस., बी.टी.एस., सी.ई.एस.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## टी.एस.–005 : पारिस्थितिकी, पर्यावरण और पर्यटन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *(i) किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लगभग **600** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।*

*(ii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

---

1. पर्यावरण और पारिस्थितिकी के बीच अंतर कीजिए। अजैविक पर्यावरण के महत्वपूर्ण घटकों की विवेचना कीजिए। 20

2. जैवविविधता क्या है और इसका क्या महत्व है ? आधुनिक समय में जैवविविधता के लिए संकट बनने वाले प्रमुख तत्त्वों की विवेचना कीजिए। 20

3. पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियों के कारण उत्पन्न पर्यावरणीय क्षरण का विवेचन कीजिए और इसके प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए संभावित समाधान सुझाइए। 20

4. प्रासंगिक उदाहरणों की सहायता से, पर्यटन विकास में 'संरक्षण' और 'परिरक्षण' की अवधारणाओं के महत्व की विवेचना कीजिए। 20

5. पर्यटन के सन्दर्भ में मास्टर प्लान तैयार करने की आवश्यकता को समझाइए। पर्यटन संसाधनों पर दबाव को कम करने के लिए पर्यटन मास्टर प्लान में आमतौर पर शामिल किए जाने वाले विभिन्न प्रावधानों की रूपरेखा तैयार कीजिए। 20

6. प्रत्येक का उत्तर लगभग **300** शब्दों में देते हुए निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 20

(अ) पूर्व औपनिवेशिक काल में और औपनिवेशिक शासकों के अधीन समुदाय

(ब) गुणक प्रभाव और इसकी श्रेणियाँ

(स) चिपको तथा अपिक्को आन्दोलन

7. पर्यटन अवसंरचना से आप क्या समझते हैं ? प्रासंगिक उदाहरण देते हुए स्थानीय समुदायों के सरोकारों तथा विभिन्न पर्यटन विकासात्मक परियोजनाओं के लिए उनकी प्रतिक्रियाओं की विवेचना कीजिए। 20

8. पर्यटन विकास के परिणाम के रूप में स्थानीय निवासियों के लिए उपलब्ध अवसरों तथा पर्यटन विकास में स्थानीय जनता के भागीदारी स्तर का वर्णन कीजिए। 20

9. वन्य जीवन पर पर्यटन तथा सम्बन्धित गतिविधियों के प्रभाव की चर्चा कीजिए। वन्यजीव पर्यटकों को कैसे और अधिक जिम्मेदार बनाया जा सकता है ? 20

10. प्रत्येक का लगभग **150** शब्दों में उत्तर लिखते हुए संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 4×5=20

(अ) ग्रीन हाऊस प्रभाव

(ब) भारत के पश्चिमी तट के बीच

(स) पर्यटकों द्वारा किया गया प्रदूषण

(द) भारत के जैव–भौगोलिक क्षेत्रों की सूची बनाइए।

× × × × ×